MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:19 MAY 2026

पूर्व विद्यार्थियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाएगा एमसीयू

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने सत्र 2026-27 के प्रवेश अभियान की शुरुआत नए अंदाज में की है। विवि पहली बार पूर्व विद्यार्थियों को 'ब्रांड एम्बेसडर' के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है। अभियान का मुख्य मंत्र है-'हमारे पूर्व विद्यार्थी हमारे हीरो'। विवि प्रशासन ने उन पूर्व छात्रों को अभियान का चेहरा बनाने का निर्णय लिया है, जिन्हें प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका पुरस्कार मिल चुका है। अब तक आठ पूर्व विद्यार्थी यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें दो को दो-दो बार यह पुरस्कार मिला है। मीडिया प्रमुख डा. पवित्र श्रीवास्तव के अनुसार, विवि की क्रिएटिव टीम 'माखन के लाल' पुस्तक में प्रकाशित पूर्व विद्यार्थियों की प्रेरक सफलता की कहानियों को भी प्रवेश अभियान से जोड़ रही है। राष्ट्रीय विमर्श 'प्रणाम उदंत मार्त्तण्ड' में इस अनुभव संग्रह का लोकार्पण हुआ था। प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट, पत्रकार, संपादक व लेखक भी इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। विवि जुलाई-अगस्त में एलुमनाई मीट कर इन 'ब्रांड एम्बेसडरों' को भोपाल बुलाने की तैयारी कर रहा है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'19 MAY.2026

उपन्यास हुआ लॉन्च

'बस ढूंढ रहा हूं मैं तुमको'

भोपाल,आरएचएम। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'द देवू टॉक्स' के नाम से पहचाने जाने वाले एवं बेस्ट इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड' विजेता देवश्य पाराशर ने अब साहित्य की दुनिया में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा दी है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग में मास्टर ऑफ ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म के अंतिम वर्ष के छात्र देवश्य की पहली हिंदी पुस्तक 'बस ढूंढ रहा हूं मैं तुमको' उपन्यास आधिकारिक तौर पर लॉन्च हो गई है। जिसे पाठकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। सोमवार को पुस्तक के लेखक एवं विश्वविद्यालय के छात्र देवश्य ने अपनी पहली पुस्तक कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग की एचओडी डॉ. मोनिका वर्मा को भेंट की। उन्होंने प्रशंसा की एवं पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दीं। डिजिटल क्रिएटर से लेखक बनने का सफर डिजिटल कंटेंट क्रिएटर के रूप में अपने बेहतरीन काम के लिए प्रतिष्ठित 'इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड' से नवाजे जा चुके देवश्य ने अपनी रचनात्मकता को एक नया विस्तार दिया है। विश्वविद्यालय में पत्रकारिता की बारीकियां सीखने के साथ-साथ उन्होंने इस किताब के लेखन और प्रकाशन के कार्य को पूरा किया है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित यह उपन्यास एक खूबसूरत प्रेम कहानी है। देवश्य का यह उपन्यास 'बस ढूंढ रहा हूं मैं तुमको' एक बेहद संवेगात्मक और दिल को छू लेने वाली हिंदी प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसका ताना-बाना सांस्कृतिक नगरी बनारस की पृष्ठभूमि पर बुना गया है। किताब के मार्केट में आते ही युवाओं और सोशल मीडिया फैंस के बीच इसे लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'RASHTRIYA HINDI MAIL'19 MAY.2026

देवश्य की पहली हिंदी किताब 'बस ढूंढ रहा हूं मैं तुमको' रिलीज

रिपोर्टर • IamBhopal
Mobile no. 9827080406

सोशल मीडिया पर 'द देवू टॉक्स' नाम से लोकप्रिय और बेस्ट इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड विजेता देवश्य पाराशर ने अब साहित्य की दुनिया में भी एंट्री कर ली है। एमसीयू के छात्र देवश्य की पहली हिंदी पुस्तक 'बस ढूंढ रहा हूं मैं तुमको' लॉन्च हो गई है।

बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित यह प्रेम कहानी युवाओं के बीच तेजी से चर्चा में है। देवश्य ने पुस्तक कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका वर्मा को भेंट की। डिजिटल कंटेंट क्रिएटर के रूप

में पहचान बना चुके देवश्य ने कहा कि किताब को पाठकों तक पहुंचते देखना उनके लिए सबसे भावुक पल है। सोशल मीडिया पर उनके 81 हजार फॉलोअर्स हैं। | पीपुल्स समाचार |

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'19 MAY.2026